पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस–विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में 07 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 14–06–2022

दिनांक 13/14–06–2022 को रात्रि थाना गोमतीनगर 01, गुड़म्बा 01, महानगर 01, पीजीआई 03, सरोजनीनगर 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 07 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0 पूर्वी

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।

थाना चिनहटः–दिनांक 13–06–2022 को एस0आई0 श्री सुदर्शन सिंह थाना चिनहट लखनऊ द्वारा मय हमराही फोर्स के दौराने गस्त अभियुक्त 01–गरीब नाथ करन पुत्र बलदेव निवासी–ग्राम डिगडिगा हीरा लाल स्टेट के पास थाना चिनहट लखनऊ को मुरली पुरवा नहर के पास डिगडिगा तिराहा थाना चिनहट से गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से एक अदद पिपिया मे 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना चिनहट पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

थाना चिनहटः–दिनांक 13–06–2022 को एस0आई0 श्री सुदर्शन सिंह थाना चिनहट लखनऊ द्वारा मय हमराही फोर्स के दौराने गस्त अभियुक्त 01– सोनू यादव पुत्र लाला यादव निवासी ग्राम गनेशपुर रहमानपुर थाना चिनहट लखनऊ को मुरली पुरवा नहर के पास डिगडिगा तिराहा थाना चिनहट से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक अदद पिपिया मे 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना चिनहट पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

डी0सी0पी0 दक्षिणी

थाना नगरामः–दिनांक 13–06–2022 को एस0आई0 श्री अमित बंसल थाना नगराम लखनऊ द्वारा मय हमराही फोर्स के दौराने गस्त अभियुक्त 01–पप्पू पुत्र सुन्दर निवासी–ग्राम नौवाखेड़ा मजरा कमालपुर विचलिका थाना नगराम लखनऊ को नौवाखेड़ा तिराहा मजरा कमालपुर विचिलका नगराम से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना नगराम पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

डी0सी0पी0 पूर्वी

गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही

थाना कैन्ट– दिनांक 13–06–2022 को प्रभारी निरीक्षक श्री शिवचरन लाल थाना कैन्ट लखनऊ द्वारा अभियुक्त 01–बहादुर उर्फ सिद्धार्थ पुत्र वीरेन्द्र कुमार जाटव निवासी कोलामई थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद (गैंग लीडर) 02–तीरथ कुमार उर्फ मंजीत पुत्र अमर सिंह नि0 दिवानी रोड मौसम बाग निकट ऊँची कोठी थाना कोतवाली मैनपुरी 03–मोहन सिंह पुत्र विनोद बाबू नि0 ग्राम राधा नगर थाना कोतवाली, जनपद मैनपुरी 04–उदयवीर उर्फ उदय राज पुत्र प्रमोद कुमार नि0 राधा नगर थाना कोतवाली, मैनपुरी 05–निशा पत्नी तीरथ कुमार उर्फ मंजीत नि0 दिवानी रोड मौसम बाग निकट ऊँची कोठी थाना कोतवाली, मैनपुरी 06–अनिकेत पुत्र जीवनलाल निवासी म0नं0 118 दम्मामल नगर, थाना उत्तरी, जनपद फिरोजाबाद 07–अजय उर्फ रिंकू उर्फ बाबूजी पुत्र स्व0 राजेश बाबू नि0 भोजपुरा थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी के विरूद्ध थाना कैन्ट पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी।